# PTET-2012 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

|स्मृति पर आधारित|

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

Maharath Academy

1. जैसे पैर : अंगूठा वैसे ही ........
(1) अंगुली : नाखून (2) भूमि : खाड़ी
(3) घर : तोरण (4) हाथ : दस्ताना **(1)**

2. जैसे कपड़ा : कारखाना, वैसे .........
(1) अण्डे : मुर्गी (2) खाद्य : कृषि
(3) खान : कोयला (4) ईंट : भट्टा **(4)**

3. जैसे कान : ध्वनि, वैसे ..........
(1) घ्राण : सुनना (2) आँख : प्रकाश
(3) हाथ : कलाई (4) सुनना : देखना **(2)**

4. ताजमहल : आगरा : पगोड़ा : ?
(1) बांग्लादेश (2) बिहार
(3) म्यांमार (4) चीन **(3)**

5. बेमेल का चयन करें-
(1) श्रद्धालु (2) नास्तिक
(3) धार्मिक (4) आध्यात्मिक **(2)**

6. बेमेल का चयन करें-
(1) परामर्श देना (2) उपदेश देना
(3) निर्देश देना (4) सुझाव देना **(2)**

7. श्रेणी में अगला अंक क्या होगा-
1, 1, 2, 4, 3, 9, 4, 16 ..........
(1) 256 (2) 5
(3) 32 (4) 64 **(2)**

8. श्रेणी में रिक्त स्थान पर क्या आता है-
7, 15, 32, ........., 132, 281
(1) 65 (2) 47
(3) 87 (4) 67 **(4)**

9. रिक्त स्थान पर क्या आता है-
EGIK : FILO : : FHJL : ?
(1) GJPM (2) GJMP
(3) GMJP (4) JGMP **(2)**

10. अन्य तीन से भिन्न समुच्चय बताएँ-
(1) SUWYA (2) LNJPR
(3) ACEGI (4) KMOQS **(2)**

11. फोटो में एक व्यक्ति की ओर इंगित करते हुए हरि ने कहा-इनका इकलौता भाई मेरी पुत्री के पिता का पिता है, उस व्यक्ति का हरि से क्या संबंध है-
(1) दादा या नाना (2) पिता
(3) जीजा या साला (4) चाचा **(4)**

12. 6, 9, 12, 15, 18, ?
(1) 21 (2) 20
(3) 19 (4) 22 **(1)**

13. निम्नलिखित का कौनसा एक सार्थक क्रम होगा-
1. अनुक्रमणिका 2. वर्ण्य-विषय
3. शीर्षक 4. अध्याय
5. भूमिका
(1) 23451 (2) 14352
(3) 51423 (4) 32514 **(2)**

14. दिए गए विकल्पों में से शब्द ढूँढिए जो निम्नलिखित अक्षरों से बन सकता है-
QUINTESSENCE
(1) ESTEEM (2) QUITE
(3) QUOTE (4) SCOT **(2)**

15. अगर मुम्बई को जयपुर, जयपुर को लखनऊ, लखनऊ को दिल्ली, दिल्ली को कानपुर पुकारा जाये, तो भारत की राजधानी को किस नाम से पुकारा जायेगा-
(1) जयपुर (2) दिल्ली
(3) मुम्बई (4) कानपुर **(4)**

16. एक निश्चित भाषा के लिए Z को 0 से, Y को 5 से, O को 2 से, G को 7 से एवं L को 6 से कोड किया जाता है, तो ZOOLOGY को कोड किया जायेगा-
(1) 0006075 (2) 0226275
(3) 7502262 (4) 2026275 **(2)**

17. बेमेल का चयन कीजिए-
(1) अंटार्कटिका (2) एशिया
(3) अफ्रीका (4) दक्षिणी अमेरिका **(1)**

18. आरा : बढ़ई :: कैंची : ?
(1) मजदूर (2) दर्जी
(3) रंगकर्मी (4) कलाकार **(2)**

19. असम्बन्धित को पहचानिए-
(1) 9 (2) 16
(3) 25 (4) 35 **(4)**

20. निम्नलिखित श्रृंखला में रिक्त स्थान भरिये-
A, G, L, P, S, ............. ? ...............
(1) U (2) V
(3) R (4) T **(1)**


21. A और B दो भाई हैं। C, A की बहिन है। D, B की बेटी है, तो C और D का सम्बन्ध है-
(1) माँ–बेटी (2) बहिनें
(3) चचेरे भाई–बहन (4) बुआ–भतीजी **(4)**

22. R और S भाई है। XY की बहन है और XR की माता है। Y का S के साथ क्या सम्बन्ध है-
(1) मामा/मौसी (2) भाई
(3) पिता (4) माता **(1)**

23. दिए गए विकल्पों में से उस उत्तर आकृति को चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति निहित है-
प्रश्न आकृति



उत्तर आकृतियाँ



(1) (2) (3) (4) **(2)**

24. यदि 987 का अर्थ Cow Gives Milk, 732 का अर्थ God Gives Nature और 824 का अर्थ Milk And Nature हो तो अंक 4 से किसको संकेतित किया गया है-
(1) Milk (2) And
(3) Nature (4) God **(2)**

25. श्रृंखला पूरी कीजिए-
7, 14, 21, 28, 35, ................, 49
(1) 40 (2) 41
(3) 42 (4) 43 **(3)**


**नीचे तीन कथन तथा उनके आधार पर दो निष्कर्ष I व II दिये गये हैं।** आपको दिये गये कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िये और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौनसा निष्कर्ष दिये गये कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

26. **कथन :** सभी द्वीप देश है। सभी महाद्वीप द्वीप है। सभी ग्रह देश हैं।
**निष्कर्ष :** I. कुछ महाद्वीप देश नहीं हैं।
II. कोई ग्रह महाद्वीप नहीं है।
(1) यदि केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) यदि केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) यदि या तो निष्कर्ष I या निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(4) यदि न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है। **(4)**


27. A एक स्थान P से चलना शुरू करता है। A पश्चिम की ओर जाता है और 4 किमी. चलता है। फिर वह दायें घूमता है और 3 किमी. चलता है। A आरम्भिक स्थान से कितनी दूर है-
(1) 7 किमी (2) 9 किमी.
(3) 2 किमी (4) 5 किमी. **(4)**

28. 'हांगकांग', 'चीन' से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार 'वैटिकन' संबंधित है-
(1) कनाडा से (2) मेक्सिको से
(3) उत्तरी अमरीका से (4) इटली से **(3)**

29. दिये गये विकल्पों में से एक नीचे दी गई आकृति का पूरक अंग है, जो उसे पूर्ण बना देगा। यह कौनसा है-
प्रश्न आकृति




उत्तर आकृतियाँ



(1) (2) (3) (4) **(3)**

30. इस चित्र में कितने घनाकार हैं-




(1) 6 (2) 10
(3) 12 (4) 8 **(2)**

31. एक समूह में बैठे 5 व्यक्तियों की औसत उम्र 26

वर्ष है एक और व्यक्ति जोड़ने पर इन सभी की औसत उम्र 27 वर्ष हो जाती है। इस नए व्यक्ति की उम्र क्या है?
(1) 32 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 36 वर्ष (4) 27 वर्ष **(1)**


**32.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में ELECTION को HOHFWLRQ लिखा जाता है, तो उसी भाषा में SELECTION को लिखा जायेगा-
(1) WXJGKGQRL (2) VHOHFWLRQ
(3) KDIGIODJFDK (4) VOHHHQHL **(2)**

**33.** तीसरे वृत्त में क्या संख्या आएगी-




(1) 21 (2) 19
(3) 36 (4) 57 **(1)**


**34.** वर्ग में संख्याओं की व्यवस्था पढ़कर बतायें प्रश्न चिन्ह के स्थान पर क्या आयेगा-




(1) 1 (2) 6
(3) 126 (4) 1944 **(4)**


**35.** यदि BLACK का कोड DNCEM है तो SWEET का कोड क्या होगा-
(1) TXFFU (2) VZHHW
(3) UYGGV (4) TEEWS **(3)**

**36.** निम्न वर्ग में संख्या की व्यवस्थानुसार प्रश्न-चिन्ह के स्थान पर क्या संख्या आएगी-




(1) 10 (2) 15
(3) 36 (4) 43 **(2)**

**37.** आकृति में त्रिभुज हिन्दी बोलने वालों को, वृत्त फ्रांसिसी बोलने वालों को, वर्ग अंग्रेजी बोलने वालों को तथा आयत जर्मन बोलने वालों को निरूपित करता है। आकृति के लिए सत्य कथन को चुनें-





(1) सभी फ्रांसिसी बोलने वाले हिन्दी बोलते हैं।
(2) सभी फ्रांसिसी बोलने वाले अंग्रेजी भी बोलते हैं।
(3) सभी हिन्दी बोलने वाले फ्रांसिसी भी बोलते हैं।
(4) सभी जर्मन बोलने वाले अंग्रेजी व हिन्दी भी बोलते हैं। **(1)**

**38.** यदि BEAT को GIDV के रूप में लिखें तो SOUP को कैसे लिखेंगे?
(1) XSXR (2) XYRS
(3) XYXR (4) XSYR **(1)**


**39.** यदि SHE = 32, HE = 13 तो WE का मान क्या होगा-
(1) 45 (2) 19
(3) 13 (4) 28 **(4)**

**40.** विद्यार्थी, लड़कियाँ, लड़के को निम्न में क्या निरूपित करता है-





**(1)**

**41.** लड़की, ईंट, घर को क्या निरूपित करता है-





**(4)**

**42.** आकृति में कितने त्रिभुज हैं-



(1) 12 (2) 14
(3) 16 (4) 18 **(2)**

**43.** आकृति में आधार रेखा पर F के एकदम बाएँ क्या अक्षर आएगा-




(1) H (2) I
(3) J (4) Q **(3)**

**44.** (3, 5, 9) के समान समुच्चय चुनें-
(1) 3, 4, 5 (2) 2, 3, 9
(3) 1, 3, 7 (4) 2, 3, 4 **(3)**


**45.** दी गई अक्षर-शृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह उसे पूरा करेगा?
KLM-, KL-N, K-MN, -LMN
(1) NMLK (2) KLMN
(3) LKNM (4) KLNM **(1)**

**46.** यदि RACKET को एक कूट भाषा में 813524 लिखा जाए, तो उस कूट भाषा में TRACK को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(1) 28153 (2) 41835
(3) 81253 (4) 48135 **(4)**

**47.** राम सीता से बड़ा है लेकिन श्याम से छोटा है। श्याम सीता एवं गीता से बड़ा है। गीता सीता से छोटी लेकिन मोहन से बड़ी है। इनमें सबसे छोटा कौन हैं?
(1) श्याम (2) सीता (3) गीता (4) मोहन **(4)**

**48.** एक व्यक्ति अपनी पत्नी से चार वर्ष बड़ा है। वह अपनी बेटी से दस गुणा बड़ी है जो दो वर्ष बाद छः वर्ष की हो जायेगी। इस समय व्यक्ति की आयु क्या है?
(1) 44 वर्ष (2) 48 वर्ष
(3) 40 वर्ष (4) 42 वर्ष **(1)**

**49.** लेखक, दार्शनिक, अध्यापक के लिए आकृति चुनें-




**(1)**

**50.** कौनसा समुच्चय अन्य तीन से अत्यधिक भिन्न है-
(1) 5, 3, 8, 5 (2) 5, 4, 7, 9
(3) 6, 5, 8, 6 (4) 7, 4, 8, 7 **(2)**

## भाग-ब : शिक्षण अभिवृत्ति एवं अभिरूचि परीक्षण

**51.** समाज में व्याप्त कुरीतियों का निवारण करने का सर्वोत्तम उपाय है-
(1) कठोर दण्ड व्यवस्था (2) समाज पंचायत
(3) उपयुक्त शिक्षा (4) कुरीतियों का विरोध **(3)**

**52.** भारत में बेरोजगारी की समस्या का मुख्य कारण क्या है?
(1) बढ़ती जनसंख्या
(2) रोजगार अवसरों की कमी
(3) आलसी युवा समुदाय
(4) व्यावसायिक शिक्षा का अभाव **(1)**

**53.** छात्रों में सामाजिक मूल्य विकसित करने का सर्वोत्तम साधन क्या है?
(1) कहानियाँ (2) उपदेश
(3) महापुरूषों की जीवनियों का अध्ययन करना
(4) आदर्श आचरण करना **(4)**

**54.** मुझे अध्यापक के रूप में व्यक्ति अधिक पसन्द है, जो-
(1) ट्यूशन करते हैं
(2) मनोरंजन करते रहते हैं
(3) स्वाध्यायी है (4) धनवान है **(3)**

**55.** शिक्षण प्रक्रिया में सबसे अधिक सहायक क्या है?
(1) अभिभावक
(2) छात्र–शिक्षक के सम्बन्ध

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

(3) समाज (4) प्रशासन (2)

56. अध्यापक का कौनसा सामाजिक गुण उसका सम्मान बढ़ाता है?
(1) कविता पाठ प्रस्तुति
(2) साहित्यिक अभिरूचि
(3) सामुदायिक सेवा
(4) छात्रों के लिए शिविर आयोजन (3)

57. आप अपने पड़ौसी से कैसा व्यवहार करेंगे?
(1) मित्रता का व्यवहार करेंगे।
(2) सामान्य व्यवहार करेंगे।
(3) कोई मतलब नहीं रखेंगे।
(4) एक अच्छे नागरिक जैसा। (4)

58. समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए आप क्या करेंगे?
(1) भ्रष्टाचार के कारण जानने का प्रयास करेंगे।
(2) इस पर व्याख्यान करायेंगे।
(3) छात्रों को इसका कुप्रभाव बतायेंगे।
(4) इस पर ध्यान नहीं देंगे। (1)

59. समाज के प्रति छात्रों में उत्तरदायित्व की भावना का विकास कैसे करेंगे?
(1) समय-समय पर उस पर भाषण देकर
(2) उत्तरदायित्व के महत्त्व को बताकर
(3) कक्षा में ऐसे लोगों के उदाहरण देकर
(4) छात्रों को समाज में ले जाकर (4)

60. कक्षा में नेतृत्व कौन करता है?
(1) छात्र संघ (2) प्रधानाध्यापक
(3) शिक्षक (4) मॉनीटर (4)

61. नेतृत्व गुण के लिए आवश्यक है?
(1) सुन्दरता (2) उच्च बौद्धिक योग्यता
(3) पर्याप्त धन (4) सामाजिक परिपक्वता (4)

62. आप विद्यालय की फुटबॉल टीम का कप्तान किसे बनाना चाहेंगे?
(1) जो उम्र में सबसे बड़ा हो।
(2) जो सबसे अच्छा खेलता हो।
(3) जो सभी खिलाड़ियों का प्रिय हो।
(4) जो आपका जानकार हो। (3)

63. अध्यापक कक्षा में तभी अनुशासन रख सकता है, जब इसका व्यवहार हो-
(1) भेदभावपूर्ण (2) निष्पक्ष
(3) परिस्थितिजन्य (4) सामान्य (3)

64. पाठशाला के प्रधानाध्यापक से आपकी क्या अपेक्षा है?
(1) आपसे आपकी क्षमता से अधिक की अपेक्षा करना।
(2) आपको आपकी पसन्द का कार्य करने को देना।
(3) नित्यप्रति के कार्य में आपका मार्गदर्शन करना।
(4) आपके विचारों को मानना व पसन्द करना। (3)

65. शिक्षक के किस गुण की छात्र सर्वाधिक प्रशंसा करते हैं?
(1) प्रभावी शिक्षण (2) चुस्त व सुन्दर दिखना
(3) हाजिर जवाब होना
(4) मित्रतापूर्ण व्यवहार (1)

66. आप अपनी कक्षा में धूम्रपान करने वाले कुछ विद्यार्थी पाते हैं, तो आप एक शिक्षक के नाते क्या करेंगे?
(1) कुछ नहीं करेंगे
(2) प्रशासन के साथ मिलकर कुछ सुधारात्मक उपाय खोजेंगे।
(3) उनके सहपाठियों के समक्ष उनका अपमान करेंगे।
(4) उनके माता-पिता से उन्हें ले जाने को कहेंगे। (2)

67. कोई धनवान अभिभावक अपने बच्चे का पक्ष लेकर आपसे झगड़ता है, तो आप-
(1) उत्तेजित होकर उससे लड़ाई करेंगे।
(2) उसके जाने के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा देंगे।
(3) धैर्यपूर्वक उसे वास्तविक स्थिति समझायेंगे।
(4) उसके भय से उससे कुछ भी नहीं कहेंगे। (3)

68. आपके विद्यालय में कोई शिक्षक शिक्षण कार्य नहीं करता है, तो आपका उत्तरदायित्व क्या होगा?
(1) प्राचार्य को सूचित करेंगे।
(2) आप भी शिक्षण कार्य नहीं करेंगे।
(3) उसका कारण जानने का प्रयास करेंगे।
(4) कुछ नहीं करेंगे। (3)

69. समय-सारिणी में विषय-वितरण का क्या आधार होना चाहिए?
(1) विषय की कठिनाई के आधार पर
(2) छात्रों की रूचि के अनुसार
(3) कोई आधार नहीं
(4) विद्यालय की सुविधानुसार (1)

70. अध्यापन कार्य के विषय में आपकी क्या राय है?
(1) हिम्मत तोड़ने वाला (2) बहुत रोचक
(3) चुनौतीपूर्ण (4) बहुत नीरस (3)

71. सहायक सामग्री है-
(1) केवल दृश्य सामग्री (2) दृश्य और श्रव्य सामग्री
(3) केवल श्रव्य सामग्री (4) इनमें से कोई नहीं (2)

72. शिक्षण में यदि कुछ अधिगम नहीं हुआ इसका मतलब कुछ ..... नहीं हुआ-
(1) अवलोकन (2) परीक्षण
(3) अध्ययन (4) अध्यापन कार्य (3)

73. व्यवहार में परिवर्तन का कारण है-
(1) केवल परिपक्वता (2) केवल अधिगम
(3) मुख्य रूप से परिपक्वता
(4) पर्याप्त अधिगम और परिपक्वता (3)

74. मान लीजिए आपकी कक्षा के छात्र बहुत शरारती हैं, वे अपने शिक्षकों के लिए अनेक अशोभनीय बातें कक्षा के श्यामपट्ट पर लिख देते हैं, ऐसी स्थिति में आप किस प्रकार निपटेंगे-
(1) आप कक्षा नायक को अपने विश्वास में लेंगे तथा ऐसे शरारती छात्रों की पहचान करेंगे।
(2) आप अपने अवकाशकाल में कक्षा की निगरानी करेंगे तथा आकस्मिक निरीक्षण द्वारा ऐसे शरारती छात्रों की पहचान करेंगे।
(3) आप सम्पूर्ण कक्षा पर आर्थिक दण्ड लागू करेंगे।
(4) आप सम्पूर्ण कक्षा के प्रति कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रधानाचार्य को संस्तुति भेज देंगे। (2)

75. प्रायः ऐसा देखने में आता है कि कुछ छात्र कक्षा के बहुमत द्वारा पसंद नहीं किये जाते हैं, इसके लिए निम्नलिखित कारण हो सकते हैं-
(1) प्रायः वे छात्र मंदबुद्धि के शिकार होते है।
(2) प्रायः वे छात्र शारीरिक विकलांगता के शिकार होते हैं।
(3) प्रायः वे छात्र पृथक् जातीय समुदाय के होते हैं।
(4) प्रायः इन छात्रों का सामाजिक-आर्थिक स्तर निम्न श्रेणी का होता है। (1)

76. प्रायः विद्यालयों में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। इसका कारण यह है कि-
(1) छात्र सामाजिक भूमिकाओं को अभिनीत करना सीख सकें।
(2) छात्र सामाजिक परिपक्वता को प्राप्त कर सकें।
(3) छात्र सामाजिक पुनर्निर्माण में योगदान दे सकें।
(4) छात्रों में सामाजिक नेतृत्व की भावना का विकास हो सके। (1)

77. किसी देश का भाग्य उसके कक्षा भवनों में क्यों बनता है?
(1) विद्यार्थी मैत्रीपूर्ण वातावरण में सीखने का आनन्द लेते हैं।
(2) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड के द्वारा आधुनिक सुविधाएँ प्राप्त हैं।
(3) प्रतिभाशाली छात्र आकर्षित होते हैं
(4) सर्वांगीण सीखना सघन रूप से संभव होता है (4)

78. बच्चों को लगभग कुछ भी किस प्रकार से पढ़ाया जा सकता है-
(1) मृदुल रूपान्तर से
(2) अगर अध्यापक उनकी मदद करें
(3) लगातार मूल्यांकन से
(4) समुचित पुरस्कार द्वारा (2)

79. समय चक्र के वितरण का क्या आधार होना चाहिए-
(1) कोई आधार नहीं
(2) विद्यालय की सुविधानुसार
(3) छात्रों की रूचि के अनुसार
(4) विषयों की कठिनाई के आधार पर (4)

80. सीखने के लिए प्रोत्साहन किस प्रकार से पैदा होता है-
(1) सहपाठियों से प्रेरणा प्राप्त करने से
(2) बचपन की प्रारंभिक प्रक्रियाओं से
(3) विद्यालय में सीखने की प्रक्रिया से
(4) अध्यापक एवं छात्र के बीच अच्छे संबंधों से (3)

81. शिक्षक संगठनों का कार्य होना चाहिए-
(1) शिक्षकों की समस्याओं पर विचार करना
(2) अर्थ संबंधी समस्याओं पर विचार करना
(3) शिक्षा की समस्याओं पर विचार करना
(4) अन्य संगठनों के साथ तालमेल रखना (1)

82. आपकी राय में अच्छे नागरिक में क्या गुण होने चाहिए-
(1) वह शिक्षित हो (2) वह निष्पक्ष हो
(3) उसको व्यावहारिक ज्ञान हो
(4) उपर्युक्त सभी (4)

83. कोई भी देश कब बड़ा माना जायेगा?
(1) उसके पास दूसरे देशों की अपेक्षा अधिक शक्ति हो।
(2) देश के अधिक से अधिक लोग राष्ट्रवादी और शिक्षित हों
(3) उस देश में नये आविष्कार होते रहें।
(4) धार्मिक कट्टरता से। (2)

84. शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा उपाय सबसे अधिक प्रभावशाली हो सकता है-
(1) अच्छी पाठ्यपुस्तकें निर्धारित करना
(2) मूल्यांकन पद्धति में सुधार करना
(3) अच्छे अध्यापकों को नियुक्त करना

Maharath Academy

(4) पुस्तकालय में सुधार करना (3)

85. ग्रीष्मावकाश में शिक्षक द्वारा किये गये गृहकार्य का क्या प्रयोजन है-
(1) पढ़ने की आदत बनी रहे
(2) शिक्षक का कार्यभार कुछ हल्का हो जाये
(3) छात्र समय नष्ट न करें
(4) बच्चे माता-पिता को परेशान न करें (1)

86. आज की शिक्षा प्रणाली शिक्षित बेरोजगारी बढ़ाने वाली प्रणाली है, क्योंकि-
(1) शिक्षा से मात्र विषय-वस्तु का ज्ञान होता है।
(2) शिक्षा का उद्देश्य स्पष्ट नहीं है।
(3) व्यावसायिक प्रशिक्षण शिक्षा का अंग नहीं है।
(4) तकनीकी का शिक्षा में प्रयोग के कारण (3)

87. प्रत्येक शिक्षक को बाल मनोविज्ञान का ज्ञान अत्यन्त अनिवार्य है, क्योंकि यह-
(1) शिक्षक को छात्रों के व्यवहार से परिचय प्रदान करता है।
(2) शिक्षक को छात्रों के मन की बातें समझने में मदद करता है।
(3) शिक्षक को छात्रों की तुलना करने एवं पहचान करने में मदद करता है।
(4) शिक्षण कार्य को सरल बनाता है। (3)

88. शिक्षा में पिछड़े विद्यार्थी के साथ आप क्या व्यवहार करेंगे?
(1) उसे उपचारात्मक शिक्षण देंगे।
(2) उसके माता-पिता को सूचित करेंगे।
(3) उसे नीचे की कक्षा में भेजने का सुझाव देंगे।
(4) उसे सुधार करने को कहेंगे। (1)

89. प्रौढ़ शिक्षा का क्या उद्देश्य है-
(1) आर्थिक विकास
(2) सभ्यता का विकास
(3) काम चलाने योग्य साक्षरता
(4) राष्ट्र का विकास (4)

90. भारत में भिन्न-भिन्न समुदाय सभ्यता क्यों हैं-
(1) भाषा में अंतर के कारण
(2) बहुत से राज्य होने के कारण
(3) जाति भेद के कारण
(4) भोजन के अंतर के कारण (1)

91. छात्रों के प्रगति-पत्र उनके अभिभावकों को क्यों देने चाहिए-
(1) उनको बच्चों की प्रगति की जानकारी देने के लिए
(2) उनकी रूचि अपने बच्चों की शिक्षा में जानने के लिए
(3) अधापकों का उत्तरदायित्व बच्चों के प्रति समाप्त हो जाता है
(4) कमजोर विद्यार्थियों को ट्यूशन मिलने की संभावना होती है। (1)

92. किशोरों में तनाव विकृतियाँ कैसे पैदा होने की संभावना है-
(1) अपनी पहचान न होने से
(2) जैविक विकास में अभिवृद्धि से
(3) आदर्शों की खोज से
(4) सामाजिक अमान्यताओं से (4)

93. मूल्यांकन से शिक्षण किस प्रकार समुन्नत होता है-
(1) इससे कमजोरियाँ और क्षमताएँ ज्ञात होती हैं।
(2) इसके परिणाम पुनः शिक्षा के लिए उपयोगी है।
(3) इससे छात्रों की उत्प्रेरणा में वृद्धि होती है।
(4) यह विद्यार्थियों को श्रेणीबद्ध करने का आधार है। (1)

94. एन.सी.ई.आर.टी. का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है-
(1) मुम्बई में (2) चैन्नई में
(3) कोलकाता में (4) नई दिल्ली में (4)

95. सजगता व जागरूकता पैदा करने के लिए सर्वोत्तम साधन क्या है-
(1) पुस्तकें (2) साथी
(3) परिवार (4) समाज (1)

96. एक शिक्षक के नाते समाचार-पत्र में आप किस प्रकार के समाचार रूचि के साथ पढ़ना चाहेंगे-
(1) राजनैतिक समाचार
(2) आर्थिक जगत के समाचार
(3) खेल समाचार (4) सम्पादकीय (4)

97. बहुविकल्पी प्रश्न किसकी जाँच के लिए सर्वोत्तम है-
(1) केवल ज्ञान (2) केवल बोध
(3) अनुभव बोध (4) ज्ञान व बोध (4)

98. शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है-
(1) 5 मई (2) 2 अक्टूबर
(3) 5 सितम्बर (4) 14 मई (3)

99. नवोदय विद्यालय किसके लिए आरम्भ किये गये-
(1) ग्रामीण बच्चों के लिए
(2) प्रतिभाशाली ग्रामीण बच्चों के लिए
(3) गरीब बच्चों के लिए
(4) मन्द बुद्धि बच्चों के लिए (2)

100. किस विशेषक का विकास करना शिक्षक की प्राथमिकता नहीं है-
(1) अभिवृत्ति (2) समयपालन
(3) मूल्य (4) आज्ञापालन (4)

## भाग-स : भाषा कौशल हिन्दी

**निर्देश- निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर प्रश्न क्रमांक 101 से 103 तक नीचे दिए गये प्रश्नों के सही उत्तर का चुनाव कीजिए-**

हमारा देश विचारों और रीति-रिवाजों का एक महान् अजायबघर है। साहित्य देश के विचारों एवं रीति-रिवाजों से प्रभावित होता है। वस्तुतः अन्य कलाओं की भाँति साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति है। साहित्य व्यक्ति और समाज के भावों और विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी होता है। जिस समाज में साहित्य नहीं उसके हृदय और मस्तिष्क की गति का लेखा-जोखा नहीं होता, उसके विचार बुदबुद के समान क्षणभंगुर होते हैं। साहित्य ही किसी समाज के विचारों को चिरस्थायी बनाता है। इतिहास के पन्ने पलटने से ज्ञात होता है कि समाज के उन्नति-काल में साहित्य भी उन्नत होता है। समाज में जब-जब नयी चेतना आयी है, साहित्य उससे प्रभावित हुआ है। इसी प्रकार समाज की ह्रासशीलता का प्रभाव उसके साहित्य पर पड़ा है। यह सत्य है कि समाज के पतन से उसका साहित्य भी प्रभावित होता है। यों साहित्य को समाज का दर्पण माना जाता है लेकिन यह पूर्ण सत्य नहीं है। उत्तम साहित्य का प्रयोजन केवल समाज को प्रतिबिम्बित करना नहीं है, उसे प्रेरणा देना भी है, उस समाज का निर्माण करना भी है। साहित्यकार समाज को ऊपर उठाता है और निकृष्ट अंकुशहीन 'भूखी पीढ़ी' का साहित्य समाज को पतन के गर्त में धकेल देता है। साहित्य समाज का मनोविनोद करके जीवन के जीने योग्य बनाता है। इस प्रकार साहित्य किसी समाज की गौरवशाली सम्पत्ति है। साहित्य में उस समय की विचार-शक्ति भरी रहती है और साहित्य उसे ज्ञान की गति तथा शक्ति देता रहता है।

101. 'साहित्य ही समाज के विचारों को ...... बनाता है।' रिक्त स्थान के लिए उपर्युक्त शब्द है-
(1) चिरस्थायी (2) अंहकारयुक्त
(3) अविवेकी (4) जड़े (1)

102. हमारा देश किसका अजायबघर है-
(1) राजनीति का (2) संस्कृति का
(3) धर्म का
(4) विचारों एवं रीति-रिवाजों का (4)

103. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है-
(1) साहित्य किसी समाज की गौरवशाली सम्पत्ति है।
(2) पलायनवादी प्रवृत्तियों को जन्म देने में सिर्फ साहित्य का हाथ होता है।
(3) साहित्य सिर्फ ह्रासशील प्रवृत्तियों को जन्म देता है।
(4) साहित्य सिर्फ अंकुशहीन भूखी पीढ़ी को ऊँचा उठाता है। (1)

104. किस क्रमांक में अघोष व्यंजन है-
(1) प, फ (2) म, ब (3) भ, म (4) ग, घ (1)

105. किस क्रमांक में अल्पप्राण व्यंजन हैं-
(1) त, द (2) फ, झ (3) ख, घ (4) ठ, ढ (1)

106. किस व्यंजन के उच्चारण में जिह्वा तालु से नहीं टकराती है-
(1) ज (2) ख (3) च (4) य (2)

107. किस क्रमांक में स्पर्श व्यंजन नहीं हैं-
(1) क, ख (2) त, थ
(3) ग, घ (4) न, म (4)

108. 'त' और 'थ' का उच्चारण स्थान क्या है-
(1) दंत्य (2) कंठ्य
(3) तालव्य (4) ओष्ठ्य (1)

109. 'रत्नाकर' में कौनसी संधि है-
(1) व्यंजन (2) गुण
(3) दीर्घ (4) अयादि (3)

110. 'प्रत्युत्तर' में कौनसी संधि है-
(1) गुण (2) यण
(3) विसर्ग (4) वृद्धि (2)

111. 'प्रतिदिन' में समास है-
(1) द्वंद्व (2) अव्ययीभाव
(3) कर्मधारय (4) बहुव्रीहि (2)

112. किस शब्द में अव्ययीभाव समास है-
(1) प्रतिपल (2) गंगातट
(3) कनकलता (4) कनफटा (1)

174. 'इजाजत' का समानार्थी शब्द है-
(1) आदेश (2) निर्देश
(3) अनुमति (4) आज्ञा (3)

114. किस समास के अन्तर्गत पहला पद विशेषण और दूसरा विशेष्य होता है-
(1) कर्मधारय (2) द्वन्द्व
(3) तत्पुरूष (4) अव्ययीभाव (1)

115. निम्नलिखित में से कौनसा विशेषण का भेद नहीं है-
(1) पुरूषवाचक (2) परिमाणवाचक
(3) संख्यावाचक (4) गुणवाचक (1)

116. सर्वनाम के कितने भेद होते है-
(1) तीन (2) चार
(3) पाँच (4) छः (4)

Maharath Academy

117. किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है-
(1) जिसे भी देखता हूँ, वही व्यस्त है।
(2) रास्ते में कुछ खा लेना।
(3) रामेश्वर का घर यह नहीं, वह है।
(4) मै अपना काम स्वयं करता हूँ। (3)

118. कौनसा कथन सत्य है-
(1) कारक तीन प्रकार के होते हैं।
(2) कारक चार प्रकार के होते हैं।
(3) कारक पाँच प्रकार के होते हैं।
(4) कारक आठ प्रकार के होते हैं। (4)

119. किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है-
(1) श्याम ने फल खरीदे।
(2) राम ने खिलौना तोड़ दिया।
(3) लोग रामायण पढ़ते है।
(4) बच्चा रोता है। (4)

120. किस शब्द में 'अधि' उपसर्ग नहीं लगा है-
(1) अध्ययन (2) अधोगति
(3) अध्यादेश (4) अध्यक्ष (1)

121. 'संशोधन' में कौनसा उपसर्ग लगा है-
(1) सु (2) संश
(3) स (4) सम् (4)

122. 'प्रत्यक्ष' में कौनसा उपसर्ग लगा है-
(1) परि (2) प्र
(3) परा (4) प्रति (4)

123. 'आहट' प्रत्यय से कौनसा शब्द नहीं बना है-
(1) घबराहट (2) रुकावट
(3) चिल्लाहट (4) कड़वाहट (2)

124. तद्धित प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं-
(1) तीन (2) चार
(3) पाँच (4) छः (4)

125. 'आई' प्रत्यय से कौनसा शब्द नहीं बना है-
(1) सुनवाई (2) पंडिताई
(3) लिखाई (4) पिटाई (1)

126. कौनसा शब्द 'अग्नि' का पर्यायवाची नहीं है-
(1) तुहिन (2) पावक
(3) अनल (4) हुताशन (1)

127. किस क्रमांक में सभी पर्यायवाची नहीं है-
(1) धरा, अनुजा, तनुजा
(2) वस्त्र, चीर, वसन
(3) वन, कानन, कांतार
(4) व्योम, अनन्त, गगन (1)

128. 'अग्रज' का सही विलोम है-
(1) अनुज (2) ज्येष्ठ
(3) कनिष्ठ (4) भ्राता (1)

129. 'अनावृष्टि' का सही विलोम है-
(1) अतिवृष्टि (2) सूखा
(3) अकाल (4) बंजर (1)

130. 'सुत-सूत' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-
(1) सारथी–धागा (2) पुत्र–सारथी
(3) सूत्र–पुत्र (4) घोड़ा–पुत्र (2)

131. 'श्वेत-स्वेद' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-
(1) पसीना–उज्जवल (2) सफेद–धुँधला
(3) सफेद–पसीना (4) स्वच्छ–सफेद (3)

132. 'जो सबको समान दृष्टि से देखने वाला हो' के लिए एक शब्द है-
(1) प्रियदर्शी (2) परमेश्वर
(3) दूरदर्शी (4) समदर्शी (4)

133. 'जंगल में लगने वाली आग' के लिए एक शब्द है-
(1) मुखाग्नि (2) बड़वानल
(3) दावानल (4) जठराग्नि (3)

134. 'जो दूसरों में केवल दोष ही खोजता हो।' के लिए एक शब्द है-
(1) निन्दक (2) समीक्षक
(3) आलोचक (4) छिद्रान्वेषी (4)

135. कौनसा शब्द शुद्ध है-
(1) संस्कारीक (2) संसारिक
(3) संसारीक (4) सांसारिक (4)

136. कौनसा शब्द शुद्ध है-
(1) कवियित्री (2) कवीत्री
(3) कवियत्री (4) कवयित्री (4)

137. 'अजातशत्रु' का अर्थ है-
(1) जिसके सभी शत्रु हों
(2) जिसका शत्रु एक हो
(3) जिसका कोई शत्रु न हो
(4) जिसके शत्रु अनेक हों (3)

138. कौनसा वाक्य अशुद्ध है-
(1) ये पंक्तियाँ साकेत से ली गई हैं।
(2) जिस लडके ने चोरी की है, उसे क्षमा कर दो।
(3) दोनों में यही अन्तर है।
(4) गत माह वह अपने घर ही रहेगा। (4)

139. किस क्रमांक में मुहावरा है-
(1) सहज पके सो मीठा होय।
(2) गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है।
(3) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना।
(4) आप भला तो जग भला। (3)

140. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' लोकोक्ति का सही अर्थ है-
(1) प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं।
(2) कंगन पहनकर आईना देखना।
(3) आईने को कंगन की जरूरत नहीं होती।
(4) कंगन धारण करने से सुन्दरता बढ़ती है। (1)

141. किस क्रमांक में मुहावरा है-
(1) घोड़े पर सवार होना।
(2) जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।
(3) सेवा करे जो मेवा पावे।
(4) थोथा चना–बाजे घना। (1)

142. कौनसा शब्द तत्सम है-
(1) जेठ (2) मक्खी
(3) चैत्र (4) पहर (3)

143. किस क्रमांक में लोकोक्ति है-
(1) पैरों तले से जमीन खिसकना।
(2) होनहार बिरवान के होत चीकने पात।
(3) हाथ–पाँव मारना।
(4) हथेली पर सरसों जमाना। (2)

144. कौनसा शब्द तद्भव है-
(1) कपाट (2) नासिका
(3) प्यास (4) उज्ज्वल (3)

145. किस क्रमांक में सभी शब्द तत्सम हैं-
(1) कुम्हार, गधा (2) पलंग, पीला
(3) उलूक, कपोत (4) डंडा, नाक (3)

146. किस क्रमांक में सभी शब्द तद्भव है-
(1) घोटक, गृह (2) सूखा, शक्कर
(3) सत्य, जिह्वा (4) कृष्ण, अक्षि (2)

147. 'सापेक्ष' का सही विलोम है-
(1) आपेक्ष (2) परोक्ष
(3) प्रत्यक्ष (4) निरपेक्ष (4)

148. 'संकीर्ण' का सही विलोम है-
(1) संकुचन (2) संकुचित
(3) गहरा (4) विस्तीर्ण (4)

149. कौनसा शब्द 'कमल' का पर्यायवाची नहीं है-
(1) उत्पल (2) सरोज
(3) कुसुमांकर (4) पुंडरीक (3)

150. कौनसा शब्द 'पत्थर' का पर्यायवाची नहीं है-
(1) उपल (2) नग
(3) प्रस्तर (4) पाहन (2)

## भाग-द : सामान्य ज्ञान

151. द्वि-हिन्दुत्व किस वर्ष प्रारम्भ हुआ-
(1) 1861 (2) 1865
(3) 1870 (4) 1878 (4)

152. रेडियो प्रसारण के सन्दर्भ में "AM" का पूर्ण रूप क्या है-
(1) एनीव्हेयर मूवमेंट
(2) एम्प्लीट्यूड मैचिंग
(3) एम्प्लीट्यूड मोड्यूलेशन
(4) एम्पलीट्यूट मूवमेंट (3)

153. किस वर्ष में बंगाल का दो भागों में विभाजन हुआ-
(1) 1905 (2) 1915
(3) 1920 (4) 1910 (1)

Maharath Academy

154. उस रेल मंत्री का नाम बताइए, जिसने लोकसभा में 2012-13 का रेलवे बजट पेश किया था-
(1) प्रणव मुखर्जी (2) मुकुल रॉय
(3) दिनेश त्रिवेदी (4) ममता बनर्जी (3)

155. सिक्ख धार्मिक प्रथा में ...... पहनना मुख्य है-
(1) पगड़ी (2) बाइक
(3) सूट (4) इनमें से कोई नहीं (1)

156. गाँधीजी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेनें कहिये" का लेखक कौन है-
(1) श्यामल भट्ट (2) संत ज्ञानेश्वर
(3) पुरन्दर दास (4) नरसी मेहता (4)

157. 'एक बालिकाओं के समूह को एक बालकों के समूह द्वारा परेशान करना' किसके अन्तर्गत आता है?
(1) सामाजिक कानून (2) फौजदारी कानून
(3) आर्थिक कानून (4) दीवानी कानून (2)

158. निम्न में कौनसा एक NGO मानवाधिकार आन्दोलन से जुड़ा हुआ नहीं है-
(1) वर्ल्ड वाच (2) एमनेस्टी इंटरनेशनल
(3) ऑक्सफेम (4) PUCL (1)

159. कब से पर्यावरण समस्याएँ एवं परिणाम भारत सरकार के विशेष ध्यान में आये-
(1) नौवी पंचवर्षीय योजना से
(2) छठी पंचवर्षीय योजना से
(3) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना से
(4) तृतीय पंचवर्षीय योजना से (3)

160. निम्न भारतीय उपग्रहों में से कौनसा लम्बी दूरी के दूरसंचार एवं प्रोग्राम के प्रसारण हेतु बनाया गया है-
(1) आर्यभट्ट (2) रोहिणी
(3) भास्कर (4) इनसेट–IA (4)

161. भारत में किस आयोग द्वारा केन्द्र-राज्यों के संबंधों का परीक्षण किया गया-
(1) सरकारिया आयोग (2) ठक्कर आयोग
(3) मण्डल आयोग (4) लिंगदोह आयोग (1)

162. भारत में पार्टी विहीन प्रजातंत्र की संकल्पना की वकालत किसने की?
(1) जयप्रकाश नारायण (2) राम मनोहर लोहिया
(3) के. एम. मुंशी
(4) बी. आर. अम्बेडकर (1)

163. दिल्ली में 21-22 जुलाई, 2011 में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय ऊर्जा निवेश सम्मेलन (N.E.I.S) का मूल विषय था-
(1) एकान्तर ऊर्जा में निवेश, विकास हेतु निवेश।
(2) ग्रीन (प्रदूषणहीन) में निवेश, प्रतिपालना हेतु निवेश।
(3) ऊर्जा में निवेश, प्रतिपालना हेतु निवेश।
(4) जैव–ईंधन में निवेश, विकास हेतु निवेश (2)

164. राजस्थान दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 30 मार्च को (2) 29 मार्च को
(3) 28 अप्रेल को (4) 31 मार्च को (1)

165. वर्ष 2012 में उत्तरप्रदेश के कितने निर्वाचन क्षेत्रों में सात चरणों में मतदान हुआ?
(A) 403 (B) 405
(C) 108 (D) 407 (1)

166. निम्न में से किस स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद के चित्र के साथ RBI ने 5 रूपये का सिक्का निकालने की हाल में घोषणा की है-
(1) चन्द्रशेखर आजाद (2) शहीद भगत सिंह
(3) शहीद ऊधम सिंह (4) सुभाष चन्द बोस (2)

167. वर्ष 2012 का एशिया कप क्रिकेट का फाइनल मैच किन दो देशों के बीच खेला गया था?
(A) बांग्लादेश–पाकिस्तान
(B) पाकिस्तान–श्रीलंका
(C) श्रीलंका–बांग्लादेश
(D) पाकिस्तान–भारत (1)

168. वर्ष 2011 का राष्ट्रीय तानसेन पुरस्कार किसको प्रदान किया गया-
(1) पंडित गोकुलोत्सव महाराज
(2) उस्ताद गुलाम मुस्तफा खान
(3) पंडित अजय पोहनकर
(4) सुश्री सविता देवी (4)

169. यूनेस्को (UNESCO) द्वारा 21 फरवरी को प्रतिवर्ष निम्न में से कौनसा दिवस मनाया जाता है-
(1) अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
(2) अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
(3) अन्तर्राष्ट्रीय एकीकरण दिवस
(4) अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (2)

170. निम्न में से किसने वर्तमान में 'द एसोसिएटेड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्डस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचेम)' के अध्यक्ष का पद ग्रहण किया है-
(1) राना कपूर (2) सोम मित्तल
(3) राजकुमार धूत (4) सुनी कनोड़िया (3)

171. केन्द्र द्वारा संचालित 'सर्व शिक्षा अभियान' का नया नाम है-
(1) राजीव गांधी विद्या मिशन
(2) राष्ट्रीय साक्षरता मिशन
(3) इंदिरा गांधी विद्या मिशन
(4) साक्षर भारत मिशन (1)

172. निम्न में से कौनसा उस प्रोग्राम का नाम है जो भारत सरकार ने गाँव के स्कूलों में पानी शुद्धिकरण उपकरण लगाकर सुरक्षित पीने के पानी हेतु आरम्भ किया-
(1) सुरक्षित पानी का पानी आंदोलन
(2) राष्ट्रीय ग्रामीण पीने का पानी प्रोग्राम
(3) एकीकृत स्वच्छता एवं सुरक्षित पीने का पानी योजना
(4) जलमनी प्रोग्राम (4)

173. राजस्थान में वर्ष 2012-13 के बजट में प्रस्तावित पुलिस विश्वविद्यालय किस शहर में खोला जायेगा?
(1) जोधपुर (2) सीकर
(3) जयपुर (4) बाड़मेर (1)

174. लोकसभा अध्यक्ष कौन है?
(1) अम्बिका सोनी (2) मीरा कुमार
(3) जयपाल रेड्डी (4) गिरिजा व्यास (2)

175. सचिन तेंदुलकर ने अपना 100वाँ शतक किस देश में बनाया?
(1) बांग्लादेश (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) श्रीलंका (4) दक्षिण अफ्रिका (1)

176. गीत सेठी किस खेल के लिए जाने जाते हैं-
(1) टेबल टेनिस (2) बिलियर्ड्स
(3) बैडमिन्टन (4) लॉन टेनिस (2)

177. प्रसिद्ध पुस्तक 'आनन्द मठ' के लेखक हैं-
(1) अरविन्दो घोष (2) स्वामी विवेकानन्द
(3) बंकिमचन्द्र चटर्जी (4) रविन्द्र नाथ टैगोर (3)

178. आई.आई.एम. राजस्थान के किस शहर में खोला गया है?
(1) उदयपुर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) जयपुर (1)

179. हमारे देश में वन महोत्सव दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 2 अक्टूबर को (2) 10 अगस्त को
(3) 1 दिसम्बर को (4) 1 जुलाई को (4)

180. प्रसिद्ध गजल गायक जगजीत सिंह का जन्म किस शहर में हुआ था-
(1) अमृतसर (2) श्रीगंगानगर
(3) अम्बाला (4) जालंधर (2)

181. मारूति उद्योग लिमिटेड का नया औद्योगिक प्लाण्ट किस राज्य में आरम्भ किया गया है?
(1) महाराष्ट्र (2) गुजरात
(3) प. बंगाल (4) आंध्र प्रदेश (2)

182. राजस्थान महिला आयोग की अध्यक्ष कौन है?
(1) पवन सुराणा (2) गिरिजा व्यास
(3) लाड कुमारी जैन (4) ममता शर्मा (3)

183. किस प्रक्रिया द्वारा पौधे पुनरूत्पादित होते हैं?
(1) वाष्पीकरण से (2) खाने से
(3) परागण से (4) संघनन से (3)

184. निम्न में से कौन 1977 से 1982 के दौरान भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त था-
(1) डॉ. नगेन्द्र सिंह (2) श्री एम.एस. गिल
(3) श्री टी. एन. शेषन
(4) श्री एस. एल. शकधर (4)

185. किसकी मदद से चन्द्रगुप्त मौर्य ने भारत में प्रथम महान् राज्य की स्थापना की?
(1) बिन्दुसार (2) सैल्यूकस
(3) महापद्मनन्द (4) कौटिल्य (4)

Maharath Academy

Search For All Subjects Notes www.maharathacademy.in

**186. स्वतंत्रता की लड़ाई में किस भूमिगत गतिविधि के आयोजन में अरूणा आसफ अली एक मुख्य महिला आयोजक थी?**
(1) असहयोग आन्दोलन
(2) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(3) भारत छोड़ो आन्दोलन
(4) स्वदेशी आन्दोलन **(3)**

**187. महामस्तकाभिषेक जो कि एक महान् धार्मिक आयोजन है, का संबंध किससे एवं निम्न में से किसके हेतु किया जाता है-**
(1) बाहुबली (2) बुद्ध
(3) महावीर (4) नटराज **(1)**

**188. राजस्थान में कौनसे जिले में राज्य स्तर के अधिकतम पशु मेले आयोजित किये जाते हैं-**
(1) नागौर (2) बाड़मेर
(3) झालावाड़ (4) हनुमानगढ़ **(1)**

**189. राजस्थान में मेवानगर (नाकोड़ा) किसलिए प्रसिद्ध है-**
(1) पार्श्वनाथ के जैन मन्दिर
(2) सूखे मेवों का निर्यात
(3) कठपुतली वस्तुओं के निर्यात
(4) जीरे के उत्पादन के लिए **(1)**

**190. सर थॉमस रो ने किसके दरबार का भ्रमण किया-**
(1) जहाँगीर (2) अकबर
(3) शाहजहाँ (4) औरंगजेब **(1)**

**191. वर्ष 2012 में कितने राज्यों में विधानसभा के चुनाव हुए-**
(1) छः (2) पाँच (3) चार (4) तीन **(2)**

**192. नाथुला वह स्थान है जहाँ पर 44 वर्षों बाद भारत-चीन सीमा व्यापार पुनः शुरू किया गया, निम्न में से किस भारतीय सीमा पर स्थित है-**
(1) सिक्किम (2) जम्मू–कश्मीर
(3) हिमाचल प्रदेश (4) अरूणाचल प्रदेश **(1)**

**193. धमन, करड़ एवं अंजन हैं-**
(1) गुजरात के कैस्टर बीज की किस्में
(2) राजस्थान में घास की किस्में
(3) गवरी नृत्य के तीन गायक
(4) राजस्थान में भेड़ों की किस्में **(2)**

**194. राजस्थान में रेलवे मंत्रालय की सहायता से 11 जनवरी, 2009 को पर्यटकों के लिए कौनसी रेलगाड़ी आरम्भ की गई-**
(1) रॉयल राजपूताना ऑन व्हील्स
(2) महान् राजपूताना ऑन व्हील्स
(3) रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स
(4) राजसी राजस्थान ऑन व्हील्स **(3)**

**195. किस जिले में 70°E रेखा गुजरती है-**
(1) धौलपुर (2) जोधपुर
(3) नागौर (4) जैसलमेर **(4)**

**196. राजस्थान के किस शहर में सर्वप्रथम मैट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट आरम्भ किया गया है-**
(1) उदयपुर (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) अजमेर **(2)**

**197. किसके अपवहन निकाय का खारी नदी भाग हैं-**
(1) देशीय अपवहन (2) माध्यमिक अपवहन
(3) अरेबियन समुद्र (4) बंगाल की खाड़ी **(4)**

**198. आयुर्वेद का राष्ट्रीय संस्थान जो कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का स्वायत्त निकाय है, कहाँ पर स्थित है-**
(1) जोधपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) जयपुर (4) उदयपुर **(3)**

**199. राजस्थान का सबसे बड़ा लोकनृत्य निम्न में से कौनसी लोकदेवी/देवता से सम्बन्धित है-**
(1) जीण माता (2) आई माता
(3) मल्लीनाथजी (4) रामदेवजी **(1)**

**200. भारत सरकार के बजट राशि में समग्र व्यय एवं समग्र राजस्व के मध्य अन्तर को क्या कहते हैं-**
(1) बजट घाटा (2) वित्तीय घाटा
(3) वर्तमान घाटा (4) राजस्व घाटा **(1)**

❑❑❑

Maharath Academy